## खास-खबरें

### टॉवर चौक फायरिंग मामले में बहादुरी दिखाने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः** टॉवर चौक फायरिंग मामले में आरोपी को साहसपूर्वक पकड़ने वाले थाना माधवनगर के थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया और उनकी टीम को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सम्मानित किया। एसपी ने टीआई पचौरिया की टीम को 10 हजार रुपये तथा घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले यातायात आरक्षक अनमोल को 5 हजार रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया। पुलिस के अनुसार आरोपी को पकड़ते समय उसके पास चार अतिरिक्त कारतूस मिले थे। समय रहते गिरफ्तारी नहीं होने पर वह दोबारा फायरिंग कर किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता था। पुलिस ने जोखिम उठाकर आरोपी को दबोच लिया, जिससे संभावित जनहानि टल गई। एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मियों का साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा समाज में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करती है। ऐसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने से अन्य जवानों को भी प्रेरणा मिलती है। इस कार्रवाई की पुलिस महकमे में व्यापक सराहना की जा रही है।

### संत हरिओम दास ने विद्यार्थियों को अनुशासन और संस्कार का दिया संदेश



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** सेंट एस.आर.एस. हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित प्रार्थना सभा में संत हरिओम दास ब्रह्मचारी ने विद्यार्थियों को अनुशासित जीवन और नियमित अध्ययन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन सबसे आवश्यक है। विद्यार्थियों को समय पर पढ़ाई, पर्याप्त नींद और ब्रह्म मुहूर्त में अध्ययन की आदत अपनानी चाहिए। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए सुबह जल्दी उठने, जल सेवन करने और नियमित दिनचर्या का पालन करने की भी सलाह दी। संत हरिओम दास ने कहा कि विद्यार्थी यदि अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ अध्ययन करेंगे तो निश्चित रूप से उन्हें सफलता मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को माता-पिता, गुरु और प्रकृति के प्रति सम्मान का भाव रखने की सीख भी दी। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने गौ संरक्षण और गौ सम्मान के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी को गाय के संरक्षण और सम्मान के लिए आगे आना चाहिए।

### आज होगा राजा भोज शॉपिंग कॉम्पलेक्स का लोकार्पण

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** शहर के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा भोपाल नाके पर निर्मित राजा भोज शॉपिंग कॉम्पलेक्स का लोकार्पण आज किया जाएगा। लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस आधुनिक कॉम्पलेक्स के निर्माण से शहर को एक नया और व्यवस्थित व्यावसायिक केंद्र मिलने जा रहा है। रविवार को भव्य शॉपिंग कॉम्पलेक्स का शुभारंभ किया जाएगा। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि राजा भोज शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण से व्यापारियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ व्यवस्थित व्यापारिक वातावरण मिलेगा, वहीं नागरिकों को भी बेहतर खरीदारी की सुविधा उपलब्ध होगी। नगर पालिका भविष्य में भी शहर के समग्र विकास के लिए इसी प्रकार की जनहितकारी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाती रहेगी। नगर पालिका द्वारा निर्मित इस शॉपिंग कॉम्पलेक्स में 40 दुकानदारों को दुकानें आवंटित की गई हैं। कॉम्पलेक्स के शुरू होने से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा नागरिकों को एक ही स्थान पर बेहतर व्यावसायिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### खाद्य प्रतिष्ठानों और मेडिकल स्टोरों का होगा सघन निरीक्षण : कलेक्टर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को खाद्य प्रतिष्ठानों एवं मेडिकल स्टोरों का सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से नियमित रूप से जाँच अभियान चलाने तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए आवश्यकतानुसार लाइसेंस निलंबित या निरस्त करने के निर्देश दिए। रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों द्वारा जिले में 19 निरीक्षण किए गए। जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर दो लाइसेंस निलंबित किए गए, जबकि एक लाइसेंस निरस्त किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सारिका गुप्ता ने दुर्गा नगर, विदिशा स्थित श्रीराधेश्याम डेयरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डेयरी से मिश्रित दूध का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत विधिवत लेकर जॉच हेतु भेजा गया।

# कुबेरेश्वरधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने सुनी शिव महापुराण कथा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** कुबेरेश्वरधाम में चल रहे छह दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने शिव महापुराण कथा का श्रवण किया। धाम में दिनभर भगवान शिव के जयघोष और भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेल प्रशासन ने सीहोर रेलवे स्टेशन पर 10 अतिरिक्त ट्रेनों का ठहराव भी सुनिश्चित किया है।

देवशयनी एकादशी के अवसर पर विठलेश सेवा समिति ने श्रद्धालुओं के लिए 200 क्विंटल फलहारी खिचड़ी, 60 क्विंटल खीर और 50 क्विंटल से अधिक फलहारी मिक्चर का वितरण किया। हजारों सेवादार पूरे दिन सेवा कार्य में जुटे रहे।

शिव महापुराण कथा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जीवन में सही सलाह देने वाले गुरु, माता-पिता और बुजुर्गों के मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए। उन्होंने भगवान शिव के स्मरण, सेवा और सदाचारपूर्ण जीवन अपनाने का संदेश देते हुए प्रतिदिन शिवलिंग पर जल अर्पित करने और रवि प्रदोष पर बेलपत्र का पौधा लगाने का आह्वान किया।



### गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर सीहोर स्टेशन पर 10 ट्रेनों का स्टापेज

गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं श्री शिवमहापुराण कथा पर देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीहोर रेलवे स्टेशन पर 10 विशेष ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था की गई है। जिसको लेकर सीहोर रेलवे प्रशासन एवं समस्त रेलवे प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है। यह निर्णय दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत लाभकारी एवं सुविधाजनक सिद्ध होगा। आपकी यह सेवा-भावना श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुरक्षित एवं सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। सीहोर रेलवे स्टेशन पर 10 जोड़ी ट्रेनों का अस्थाई ठहराव किया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा बताया कि यह ठहराव तत्काल प्रभाव से 30 जुलाई तक दिया जाएगा। ठहराव दिये गये ट्रेन इस प्रकार है। 12923/12924 डॉ. अम्बेडकर नगर नागपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 19301/19302 डॉ. अम्बेडकर नगर यशवंतपुर एक्सप्रेस, 22911/22912 इंदौर हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस, 20414/20413 इंदौर वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 20416/20415 इंदौर वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 14115/14116 डॉ. अम्बेडकर नगर प्रयागराज एक्सप्रेस, 19313/19314 इंदौर पटना एक्सप्रेस, 19321/19322 इंदौर पटना एक्सप्रेस, 19305/19306 डॉ. अम्बेडकर नगर कामाख्या एक्सप्रेस, 22645/22646 इंदौर तिरूवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस शामिल हैं ।

## भाजपा सरकार में जन्मे छात्र भाग्यशाली हमने टीन के टपरे में पढ़ाई की : शाह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः** प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने शनिवार को रतलाम जिले के बिरमावल में लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल के नए भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की सराहना की और पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधा।

मंत्री विजय शाह ने विद्यार्थियों से कहा कि वे भाग्यशाली हैं क्योंकि उनका जन्म भाजपा शासन के दौरान हुआ है। उन्होंने कहा कि उनके समय में अच्छे स्कूल और भवन नहीं होते थे तथा वे स्वयं टीन के टपरे में पढ़े हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक स्कूल, मध्याह्न भोजन, साइकिल और अन्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है।

कार्यक्रम में मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय आधुनिक सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामोर ने क्षेत्र में उच्च शिक्षा की आवश्यकता बताते हुए कॉलेज खोलने की मांग भी रखी।

लोकार्पण समारोह में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से जुड़े सवाल पर विजय शाह ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

## मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग का तबादला दिव्यांक सिंह को मिली जिम्मेदारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** प्रदेश में नए मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल के पदभार ग्रहण करने के बाद राज्य शासन ने शुक्रवार देर रात भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों की तबादला सूची जारी की। जारी आदेश में 20 अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है। इनमें मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग का तबादला भी शामिल है।

राज्य शासन के आदेश के अनुसार, वर्ष 2015 बैच की आईएएस अधिकारी अदिति गर्ग को संचालन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं वर्ष 2017 बैच के आईएएस अधिकारी दिव्यांक सिंह को मंदसौर जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

दिव्यांक सिंह वर्तमान में भोपाल में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में अपर आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। शासन के आदेश के बाद वे जल्द ही मंदसौर कलेक्टर का पदभार संभालेंगे।




उल्लेखनीय है कि अदिति गर्ग ने 29 जुलाई 2024 को मंदसौर कलेक्टर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। उनका कार्यकाल दो वर्ष पूरा होने से पहले ही उनका तबादला कर दिया गया।

शासन की तबादला सूची में प्रदेश के विभिन्न जिलों और विभागों में पदस्थ 20 आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके तहत कई जिलों में कलेक्टर बदले गए हैं, जबकि कुछ अधिकारियों को विभागीय स्तर पर नई पदस्थापना दी गई है।

### श्रीगुरुनानक प्रबंध कमेटी द्वारा स्वास्थ्य शिविर आज

**विदिशा।** गुरुनानक प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र चावला ने बताया कि आज 26 जुलाई प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक गुरुद्वारा पंजाबी धर्म शाला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी मंजीत सिंह द्वारा अरदास कर स्वास्थ्य शिविर का शुभारभ किया जाएगा। विदिशा चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रवि तलरेजा ने बताया कि शिविर के मुख्य अतिथि विदिशा विधायक मुकेश टंडन, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा उपस्थित रहेंगे। डॉक्टर प्रीति कौर ने बताया कि शिविर में हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ.एश्वर्या मोदी तथा डॉ. प्रशांत बागरेचा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्राची गुप्ता, दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. प्रीति कौर, डॉ.मंजीत चावला, नाक एवं गला विशेषज्ञ डॉ. विवेक गुप्ता, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेन्द्र रघुवंशी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील किरार, डॉ. हार्दिक खरबंदा, अपनी सेवाएं देंगे।

## मूंग खरीदी सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसानों की 20 किमी पदयात्रा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** मूंग खरीदी और किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को कांग्रेस और किसान कांग्रेस के नेतृत्व में किसानों ने करीब 20 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली। पदयात्रा के समापन पर किसान दुर्गा चौक स्थित मां दयालु अंबे मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मूंग अर्पित कर सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की और ज्ञापन सौंपा।

पदयात्रा की शुरुआत छिपानेर स्थित मां नर्मदा के दादाजी धाम आश्रम से हुई। यात्रा रानीपुरा, चौरसाखेड़ी, धोलपुर, जमुनिया, बालागांव और रीछाड़िया सहित सात गांवों से होते हुए भैरूंदा पहुंची। रास्ते में कई स्थानों पर किसानों का स्वागत किया गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी यात्रा में शामिल हुए।



किसानों ने सरकार से मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी, मक्का, धान और सोयाबीन सहित सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की। इसके साथ ही ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने, खाद-बीज की समय पर उपलब्धता और रेलवे तथा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित भूमि का चार गुना मुआवजा देने की मांग भी उठाई।

भैरूंदा पहुंचने पर किसानों ने दुर्गा चौक पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि किसानों की मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। पदयात्रा में कांग्रेस और किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 'नशे से दूरी है जरूरी' नशा मुक्ति जागरूकता रैली को कलेक्टर, एसपी ने हरी झंडी दिखा प्रस्थान कराया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान एवं पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 30 जुलाई तक संचालित प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' के अंतर्गत विदिशा के यातायात थाना परिसर से भव्य नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली को कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया। यह रैली गुलाब वाटिका, बड़ा बाजार एवं माधवगंज होते हुए रेलवे स्टेशन पर सम्पन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, पुलिस अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने सहभागिता करते हुए नशामुक्त समाज का संदेश दिया।



कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि नशे के विरुद्ध समाज का प्रत्येक वर्ग सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहा है तथा जिलेभर में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के भविष्य को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर, आर्थिक स्थिति एवं पारिवारिक जीवन पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार अथवा सेवन होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

**ग्रहण कराई नशामुक्ति की शपथः** रैली के समापन पर रेलवे स्टेशन, विदिशा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी ने रैली में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ ग्रहण कराई। उन्होंने सभी से स्वयं नशे से दूर रहने, दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का अनुरोध किया।

### खिलाड़ियों ने ली नशामुक्त समाज बनाने की शपथ

**भैरूंदा।** नशा मुक्ति अभियान के तहत शनिवार को खेल परिसर स्टेडियम में पुलिस विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने कहा कि नशा युवा पीढ़ी और खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दुश्मन है। एक खिलाड़ी की सबसे बड़ी पूंजी उसका स्वस्थ शरीर और अनुशासित जीवन होता है। उन्होंने युवाओं से मेहनत, अनुशासन और खेल को अपनी पहचान बनाने का आह्वान किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की युवा समन्वयक सुजाता कुशवाहा ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए खिलाड़ियों से फिट इंडिया अभियान से जुड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाड़ियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशे के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, खेल शिक्षक और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### पौधारोपण अभियान में 10 हजार पौधे लगाए



**नईदुनिया प्रतिनिधि, पीथमपुरः** नगर पालिका परिषद पीथमपुर ने अमृत हरित महाअभियान के तहत शनिवार को वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। संजय जलाशय रोड के सामने एबी रोड किनारे आयोजित अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सेवंती सुरेश पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आरती गरवाल, जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं, स्कूली बच्चों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधारोपण किया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आरती गरवाल ने बताया कि अभियान के तहत करीब 10 हजार पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी नगर पालिका, स्व-सहायता समूहों तथा अन्य हितधारकों के सहयोग से निभाई जाएगी। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय विद्यार्थी पर्यावरण प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए उसमें भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल, पार्षद अशोक पटेल, श्रीमती मनीषा लालू शर्मा, श्रीमती लीला महेश पथरिया सहित चिल्ड्रंस केयर स्कूल, पीथमपुर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश भी दिया गया।

## एलआईसी ने 42 विद्यार्थियों को वितरित की शैक्षणिक सामग्री

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की सेटेलाइट शाखा, भैरूंदा ने सामाजिक दायित्व के तहत शासकीय प्राथमिक शाला नदीपार हाथीघाट के 42 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन, पेंसिल और अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की। सामग्री मिलने पर बच्चों में उत्साह देखा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं एलआईसी शाखा प्रबंधक शशांक खरे ने कहा कि विद्यालय द्वारा छात्र संख्या 6 से बढ़ाकर 42 तक पहुंचाने का प्रयास प्रेरणादायी है। इसी से प्रभावित होकर बच्चों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। उन्होंने



विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने और बेहतर भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में एलआईसी के डेवलपमेंट ऑफिसर पी.आर. मीणा, वरिष्ठ अभिकर्ता संतोष सेन, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, एसएमसी पदाधिकारी, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि समाज और संस्थाओं के सहयोग से सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार लाया जा सकता है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा निकालकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश का किसान गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है और सीहोर जिले के किसान भी इससे अछूते नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों द्वारा खून-पसीने की मेहनत से तैयार की गई मूंग की फसल की सरकारी खरीद केवल सीमित मात्रा में की जा रही है। उन्होंने मांग की कि पूर्व की व्यवस्था की तरह किसानों की मूंग का 100 प्रतिशत उत्पादन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाए।

ज्ञापन में किसानों को खाद वितरण के



लिए लागू ई-टोकन प्रणाली को समाप्त कर आवश्यकता के अनुसार पारदर्शी व्यवस्था से खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है।

इसके अलावा किसानों ने जिले में बिक रही कीटनाशक, खरपतवारनाशक एवं टॉनिक दवाइयों की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। उनका कहना है कि महंगे दामों पर खरीदी गई कई दवाइयों के उपयोग से फसलों को नुकसान होने की शिकायतें मिल रही हैं। साथ ही शासकीय सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को अनावश्यक दवाइयां एवं पाउडर जबरन दिए जाने की शिकायत करते हुए इस व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग भी की गई।

ज्ञापन में किसानों के लिए पर्याप्त विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्मार्ट मीटरों के माध्यम से किसानों और आमजन पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ को समाप्त करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। किसान कांग्रेस ने सरकार से सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा, ओम वर्मा, कमल सिंह पहलवान, संतोष गौर, पवन राठौर, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, लक्ष्मण सिंह सहित किसान कांग्रेस के विभिन्न ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।